भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 816

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ

रक्त की उपलब्धता

816: श्रीमती प्रतिभा सुरेश धानोरकर

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अनेक भागों में रोगी समय पर रक्त की उपलब्धता न होने के कारण प्रभावित हो रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ग) देश में रक्त की मांग एवं आपूर्ति का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र वार ब्योरा क्या है;

(घ) क्या देश में रक्ताधान केंद्रों और रक्तदाताओं की संख्या को देखते हुए रक्त की मांग और आपूर्ति में अंतर लगातार बढ़ता जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार रक्तदान को बढ़ावा देने और देश में रक्त की मांग को पूरा करने के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता हेतु जन-जागरूकता पैदा करने हेतु कोई कार्यक्रम चला रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है?

उत्तर:

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ड.): ई-रक्तकोष के अनुसार, हमारे देश में पंजीकृत रक्त बैंकों की संख्या 4205 (सरकारी- 1265, चैरिटेबल-1252, रेड क्रॉस-103 तथा प्राइवेट- 1585) है, जो विश्व में रक्त बैंकों की सर्वाधिक संख्याओं में शुमार है। विगत वर्ष में, 20776128 घटक यूनिट रक्त जारी किए गए।

भारत सरकार द्वारा रक्त आधान सेवा(बीटीएस) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि रक्त/रक्त उत्पाद उपलब्ध, अभिगम्य, सुरक्षित तथा मानक गुणवता वाले हैं। साथ ही, इसका लक्ष्य स्वैच्छिक रक्त दान के माध्यम से सुरक्षित रक्त तथा रक्त उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना भी है।

सरकार की नीति रक्त आधान सेवाओं के संदर्भ में हब एवं स्पोक दृष्टिकोण का हिमायत करती है, जिसके तहत रक्त का संग्रहण एवं संसाधन हबों, उच्च आयतन रक्त केंद्रों, में किया जाता है और इनका वितरण स्पोकों, लघु रक्त केंद्र तथा रक्त भंडारण यूनिट, के माध्यम से किया जाता है। रक्त केंद्रों की आवश्यकता किसी क्षेत्र विशेष की स्वास्थ्य अवसंरचना पर निर्भर करती है। तथापि, रक्त भंडारण यूनिटों की स्थापना रक्त की आकस्मिक अपेक्षा की पूर्ति करने हेतु सुदूर क्षेत्रों में की जा सकती है, जो रक्त केंद्रों से जुड़े हो सकते हैं। देश में रक्त की मांग एवं आपूर्ति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्योरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

भारत सरकार सार्वजनिक एवं चैरिटेबल सेक्टर के 1131 रक्त बैंकों को जनशक्ति की सुविधा प्रदान करने, रक्त थैलियों एवं टेस्टिंग किट की उपलब्धता कराने, स्वैच्छिक रक्त दान (वीबीडी) शिविरों को आयोजित करने तथा सूचना शिक्षा संचार (आईईसी) संबंधी कार्यकलापों को कार्यान्वित करने, इत्यादि क्षेत्रों में रक्त आधान सेवाओं के माध्यम से भी सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को रक्त संग्रहण तथा रक्त परिवहन हेतु मोबाइल वैन उपलब्ध कराए जाते हैं।

विभिन्न सरकारी विभागों, स्वैच्छिक संगठनों जैसे- इंडियन रेड क्रॉस सोसयटी, रक्तदाता एसोसिएशनों, पेशेवरों एसोसिएशनों तथा अन्य हितधारकों के साथ मिलकर देश में रक्त का दान करने तथा सुरक्षित रक्तदान एवं रक्त आधान की आवश्यकता के संबध में जन जागरूकता पैदा करने के अवसर सृजित करने हेतु कदम उठाए गए हैं। सरकार नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के रेड रिब्बन क्लबों, इत्यादि जैसे संगठनों के साथ समन्वय करते हुए रक्त दान शिविर आयोजित करने, स्वैच्छिक रक्त दान दिवस समारोह मनाने तथा युवाओं को प्रेरित करने जैसे विभिन्न कार्यकलापों के लिए सहायता प्रदान करती है। सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों द्वारा रक्त दान करने हेतु एक वर्ष में चार विशेष आकस्मिक अवकाश प्राप्त करने का भी प्रावधान बनाया है।

*****

मासिक संग्रह रिपोर्ट में रक्त केंद्रों द्वारा जारी रक्त इकाइयों का अद्यतन (स्रोत ई-रक्तकोष पोर्टल)		
अवधि : जनवरी, 2024 से जून, 2024		
क्र.सं.	राज्य	कुल जारी इकाई
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	3320
2	आंध्र प्रदेश	402621
3	अरुणाचल प्रदेश	7325
4	असम	140395
5	बिहार	185350
6	चंडीगढ़	100667
7	छत्तीसगढ़	174319
8	दमन और दीव	1009
9	दिल्ली	386434
10	गोवा	4383
11	गुजरात	915568
12	हरियाणा	450920
13	हिमाचल प्रदेश	27260
14	जम्मू और कश्मीर	49425
15	झारखंड	177639
16	कर्नाटक	645802
17	केरल	369757
18	लद्दाख	564
19	मध्य प्रदेश	425830
20	महाराष्ट्र	1442547
21	मणिपुर	17002
22	मेघालय	17143
23	मिजोरम	19887
24	नागालैंड	526
25	ओडिशा	183517
26	पुदुचेरी	46288
27	पंजाब	268800
28	राजस्थान	646487
29	सिक्किम	1476
30	तमिलनाडु	627459
31	तेलंगाना	313284
32	त्रिपुरा	17498
33	उत्तराखंड	155524
34	उत्तर प्रदेश	1518691
35	पश्चिम बंगाल	461365

ई-रक्तकोष की सांख्यिकीय मासिक रिपोर्ट से समेकित की गई संग्रह इकाइयाँ		
वर्ष	कुल संग्रह इकाईयां	रक्त केन्द्रों की संख्या द्वारा अद्यतन
2022	8028781	2556
2023	12695363	3061
2024 (जनवरी-जून)	6780652	3159

ई-रक्तकोष पर सांख्यिकीय मासिक रिपोर्ट से समेकित के माध्यम से जारी इकाइयाँ		
वर्ष	कुल संग्रह इकाईयां	रक्त केन्द्रों की संख्या द्वारा अद्यतन
2022	13914623	2313
2023	20776128	2703
2024 (जनवरी-जून)	10206082	2790

****